CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:31 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:58 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 15 अंक 253 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. बुधवार, 3 अप्रैल 2024

डॉक्यूमेंट्री बॉर्न हंग्री की निर्माता...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### गरुड़ में चार घंटे गुल रही बिजली

**बागेश्वर।** तहसील क्षेत्र में मंगलवार को चार घंटे बिजली गुल रही। व्यापार संघ टीट बाजार के अध्यक्ष प्रेम सिंह नेगी, होटल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बबलू नेगी ने यूपीसीएल से दिन में बिजली की कटौती न करने को कहा है। यूपीसीएल के जेई आरएस बोरा ने बताया बिजली की कटौती ग्रिड से हो रही है। इस संबंध में विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है।

### सोमेश्वर का सैनिक मणिपुर में शहीद

**सोमेश्वर।** तहसील के चनौदा, बूंगा निवासी सैनिक मणिपुर में शहीद हो गए। उन्हें संदिग्ध हालात में गोली लगी थी। उनका पार्थिव शरीर बुधवार को उनके गांव पहुंचेगा। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार मणिपुर में तैनात 16 कुमाऊं रेजीमेंट के सैनिक कमल सिंह भाकुनी (24) को ड्यूटी के दौरान संदिग्ध हालात में गोली लग गई। इस घटना में वह शहीद हो गए। वह चार वर्ष पूर्व सेना में भर्ती हुए थे। 25 दिन पूर्व ही वह अवकाश के बाद ड्यूटी पर लौटे थे। शहीद के पिता चंदन सिंह भाकुनी गांव में ही खेती-बाड़ी करते हैं जबकि माता दीपा भाकुनी गृहणी हैं। उनका बड़ा भाई प्रदीप भाकुनी भी सेना में है। ग्राम प्रधान रमेश भाकुनी ने बताया कि गोली लगने से वह शहीद हुए हैं। बताया कि उनका पार्थिव शरीर बुधवार यानी आज पहुंचेगा। गोली कैसे लगी, इसकी स्पष्ट जानकारी किसी को नहीं है। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। वहीं डीएम विनीत तोमर ने कहा कि सैनिक के शहीद होने की सूचना नहीं मिली है।

# संजय सिंह दिल्ली-एनसीआर छोड़कर नहीं जा सकते, जमानत की शर्तें तय

नई दिल्ली
एजेंसी





आप सांसद संजय सिंह लिवर से जुड़ी बीमारी के इलाज के लिए लिवर और पित्त विज्ञान संस्थान (आईएलबीएस) अस्पताल में भर्ती हैं। अस्पताल में लिवर की बायोप्सी की गई है।

सुप्रीम कोर्ट से बेल ऑर्डर राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंच गया है। कोर्ट ने सुनवाई के बाद जमानत की शर्तें तय कीं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने आप सांसद संजय सिंह को अपना पासपोर्ट सरेंडर करने को कहा। कोर्ट ने कहा कि संजय सिंह सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे। वे दिल्ली-एनसीआर छोड़कर नहीं जाएंगे और शराब घाटाला मामले में कोई बयान या टिप्पणी नहीं कर सकते हैं। आप सांसद संजय सिंह के वकील ने अदालत से दिल्ली-एनसीआर छोड़ने से पहले पूर्व अनुमति की शर्तें नहीं लगाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वह एक राजनीतिक नेता हैं और यह चुनाव का समय है। अदालत ने कहा कि वह दिल्ली-एनसीआर छोड़ने से पहले अपना यात्रा कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

उधर, आप सांसद संजय सिंह से मिलने के लिए उनके मां और बेटे आईएलबीएस अस्पताल पहुंचे। संजय सिंह लिवर से जुड़ी बीमारी के इलाज के लिए लिवर और पित्त विज्ञान संस्थान (आईएलबीएस) अस्पताल में भर्ती हैं। अस्पताल में लिवर की बायोप्सी की गई है। इस जांच के बाद रिपोर्ट के आधार पर आगे का इलाज होगा। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी नीति मामले में संजय सिंह को जमानत पर छोड़ने का आदेश दिया था। उधर, एएनआई ने तिहाड़ जेल के सूत्रों के हवाले से बताया कि तिहाड़ जेल अधिकारियों को अभी तक आप सांसद संजय सिंह का जमानत आदेश नहीं मिला है। जमानत की शर्तों के साथ कोर्ट में आदेश तैयार किया जाएगा, जिसके बाद आदेश को जेल भेजा जाएगा।

नामांकन दाखिल करने से पहले राहुल गांधी ने किया रोड शो

# कांग्रेस का वायनाड में रोड शो राहुल गांधी ने भरा नामांकन





नई दिल्ली
एजेंसी

नामांकन दाखिल करने से पहले राहुल गांधी ने वायनाड में एक रोड शो किया। इस दौरान उनकी बहन प्रियंका गांधी भी उनके साथ थी। रोड शो में करीबन हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल कर लिया है। नामांकन दाखिल करने से पहले उन्होंने वायनाड में रोड शो किया। इस दौरान उनका जोरदार स्वागत किया गया। रोड शो में करीबन हजारों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने वायनाड से चार लाख से अधिक मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की थी।

राहुल गांधी का रोड शो सुबह के 11 बजे शुरू हुआ। उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, आपका सांसद सदस्य होना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं आपको मतदाता के तौर पर नहीं देखता हूं।

मैं आपके साथ वैसा ही व्यवहार करता हूं और आपके बारे में वैसा सोचता हूं जैसा मैं अपनी बहन के लिए करता हूं। क्योंकि वायनाड के घरों में मेरी मां, बहन भाई और पिता रहते हैं।

# कपड़े की दुकान में लगी भीषण आग, सात लोगों के मरने की आशंका

नई दिल्ली
एजेंसी

महाराष्ट्र के औरंगाबाद के छत्रपति संभाजीनगर में एक कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। पुलिस आयुक्त मनोज लोहिया ने बताया कि यह घटना सुबह के चार बजे की है। इस हादसे में सात लोगों के मरने की आशंका जताई जा रही है।

महाराष्ट्र के औरंगाबाद के छत्रपति संभाजीनगर में एक कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। पुलिस आयुक्त मनोज लोहिया ने बताया कि यह घटना सुबह के चार बजे की है। इस हादसे में सात लोगों के मरने की आशंका जताई जा रही है।

**हड़कंप**

- आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है

मीडिया से बात करते हुए औरंगाबाद के पुलिस आयुक्त मनोज लोहिया ने कहा, छत्रपति संभाजीनगर में सुबह के चार बजे एक कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। आग दूसरे मंजिल तक नहीं पहुंच पाई, लेकिन प्राथमिकी जांच के बाद हमें लगता है कि इस हादसे में दम घुटने के कारण करीबन सात की मौत हुई है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। फिलहाल इस मामले की जांच जारी है।



# भाजपा ने आप नेता आतिशी को भेजा मानहानि का नोटिस

नई दिल्ली
एजेंसी

आप नेता आतिशी ने कहा कि मुझे भाजपा में शामिल होने के लिए अप्रोच किया गया है, मुझसे यह कहा गया कि या तो भाजपा में शामिल हो जाऊं, अपना राजनीतिक भविष्य बचा लूं, अपना राजनीतिक भविष्य बढ़ा लूं और अगर भाजपा में शामिल नहीं हुई तो आने वाले एक महीने में ईडी द्वारा मुझे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आप मंत्री आतिशी ने मंगलवार प्रेसवार्ता में आरोप लगाया कि उन्हें भाजपा में शामिल होने का ऑफर आया है। करीबी व्यक्ति के माध्यम से उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है। उन्हें कहा गया है कि भाजपा में शामिल होकर राजनीतिक करिअर बचा लो, अन्यथा महीने भर में ईडी गिरफ्तार कर लेगी। कुछ दिनों में उनके आवास, रिश्तेदारों व परिवार वालों के घर रेड होगी और समन भेजे जाएंगे। वहीं, अब भाजपा ने आतिशी के आरोपों के बाद उन्हें मानहानि का नोटिस भेजा है। दिल्ली बीजेपी प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, हमने (दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी) को सबूत देने के लिए कानूनी नोटिस दिया है, हम उन्हें भागने नहीं देंगे। इस बार उन्हें जवाब देना होगा। आतिशी के कल बयान पर हमने कहा था कि आप झूठ बोल रही हैं। आपके आरोप बेबुनियाद हैं। हमने कल शाम तक उन्हें माफी मांगने का समय दिया था, अब वह समय खत्म हो चुका है और उन्हें मानहानि का नोटिस दिया गया है। उन्हें इसका जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है अगर उनका जवाब नहीं आया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ताइवान में 7.7 तीव्रता का भूकंप, चार की मौत और 50 से ज्यादा घायल

ताइपे/नई दिल्ली
एजेंसी



ताइवान में बुधवार सुबह जोरदार भूंकप आया है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 7.7 आंकी गई है। भूकंप के झटकों से शहर के कई हिस्सों में बिजली गुल हो गई। दक्षिणी जापान और फिलीपींस के द्वीपों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है।

न्यू ताइपे शहर के झिंदियन जिले में इमारतों को नुकसान पहुंचा। बचावकर्मी फंसे हुए लोगों की तलाश कर रहे हैं। क्षतिग्रस्त इमारत से बचाए जाने के बाद एक व्यक्ति की सहायता करते बचाव कर्मचारी। ताइवान में आए भूकंप में अब कम से कम चार लोगों के मारे जाने की खबर है। राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी ने बताया कि हुआलीन काउंटी में चार लोगों की मौत हो गई। इंडिया ताइपे एसोसिएशन ने भूकंप को देखते हुए ताइवान में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए एक हेल्पलाइन स्थापित की है। मोबाइल नंबर 0905247906 जारी किया गया है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, जापान में भूकंप के बाद सुनामी आने वाली अटकलों को टाल दिया गया है। फिलहाल ऐसा कोई अलर्ट नहीं है। ताइवान के अग्निशमन विभाग ने बुधवार को बताया कि द्वीप के पूर्वी तट पर 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद अब तक एक व्यक्ति की मौत हो गई है और 50 से अधिक घायल हो गए हैं।

एक और तस्वीर सामने आ रही है। इस बार ताइवान के पूर्वी तट से दूर जिउलिन से भूस्खलन की फोटो सामने आई है। ताइवान से डराने वाली तस्वीरें सामने आ रही हैं। इमारतों को देखकर पता लगता है कि भूकंप के झटके कितने तेज होंगे। एक तस्वीर में देख सकते हैं कैसे इमारत झुकती जा रही है।

ताइपे में भूकंप के बाद इमारतें हिलती रहीं। इस बीच, जापान की मौसम एजेंसी ने लोगों को इसी तरह के झटकों के लिए लगभग एक सप्ताह तक सतर्क रहने की चेतावनी दी है।

# कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी का व्यापक जनसंपर्क

हल्द्वानी। हमारे संवाददाता

कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने एक दर्जन क्षेत्रों में नुक्कड़ सभा, पीलीकोठी चौराहे से लामाचोड़ चौराहे तक रोडशो और कालाढूंगी तथा बैलपड़ाव में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन कर व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम किया। जीतेंगे हम के संकल्प के साथ कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व विधायक संजीव आर्य, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल सहित सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओ संग लामाचोड़ चौराहे तक रोडशो किया और लामाचोड़ मे नुक्कड़ सभा की।इसके उपरांत चकलुवा, कालाढूंगी नगर, बैलपड़ाव, गैबुवा, पवलगढ़, कोटाबाग, फतेहपुर, कठघरिया मे नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से व्यापक चुनावी जनसंपर्क किया। इस दौरान बीच में कालाढूंगी नगर और बैलपड़ाव मे चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन सहित दिन के अंत में बाबा हैड़ाखान मंदिर रामलीला मैदान मे महिला कांग्रेस द्वारा आयोजित सभा में प्रतिभाग कर महिला कांग्रेस को बूथवार घर-घर जाकर कांग्रेस का प्रचार करने की जिमेदारी सौंपी।



कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि नैनीताल संसदीय क्षेत्र के सांसद जो वर्तमान में भाजपा के प्रत्याशी भी है उनको अपने 5 साल के कार्यों का विशेष कर सांसद निधि के हिसाब को सार्वजनिक करना चाहिये। उनके द्वारा जो गाँव गोद लिया गया उसकी वर्तमान स्थिति को भी बताना चाहिए।

नेताप्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की आज की जनसभा में जनता की कम भागीदारी ने बता दिया कि इस बार जनता सिर्फ मोदी नाम पर वोट नही करेगी, सांसदों के कार्यो का वोटो के माध्यम से हिसाब करेगी।

विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र की जनता लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। जनता कांग्रेस को जीताकर कालाढूंगी के खोये विकास को वापस लायेगी।

पूर्व विधायक संजीव आर्य ने कहा कि कालाढूंगी विधानसभा को भाजपा नेताओं ने सिर्फ राजनीति सीढ़ी के रूप में उपयोग किया है। इस बार जनता वोटों से सबकी गलतफहमी दूर करेगी और कालाढूंगी के बेटे प्रकाश को अपना आशीर्वाद अवश्य देगी।

जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि कालाढूंगी मे कांग्रेस धरातल पर

**कार्यक्रम**

- बैलपड़ाव में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

मजबूत है और एकजुटता के साथ चुनावी समर मे उतर चुकी है। धनबल और जनबल के चुनाव में जनबल जीतेगा और उम्मीदों का प्रकाश सबके जीवन को खुशहाल करेगा।

इस दौरान नगर अध्यक्ष विक्रम सामंत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला भट्ट, कुमाऊं मीडिया प्रभारी नीरज तिवारी, प्रदेश सचिव मयंक भट्ट, पूर्व जिलापंचायत उपाध्यक्ष तारा नेगी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हेमन्त बगड़वाल, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला जया कर्नाटक, पूर्व नगरपंचायत अध्यक्ष दीप सती, संजय किरौला, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, पूर्व युवा कांग्रेस लोकसभा अध्यक्ष संजय बिष्ट, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रदीप नेगी, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव राधा आर्य, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष मीमांशा आर्या सहित सैकड़ों कांग्रेसियों ने प्रचार प्रसार में योगदान दिया।

## पांच को लगेगा नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर



हल्द्वानी। सूर्यागांव, भुजियाघाट में 5 अप्रैल शुक्रवार को लगेगा नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर। काया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल का विशाल चिकित्सा शिविर 5 अप्रैल शुक्रवार को, सूर्यागांव भुजियाघाट में आयोजित किया जायेगा इस आशय की जानकारी हॉस्पिटल के मेडिकल सुप्रीटेंडेंट प्रो.डॉ विनय खुल्लर ने दीं।

उन्होंने बताया कि दिन एवं ता - शुक्रवार को समय -प्रात: 9.30 से 1बजे तक, स्थान - पंचायत घर, सूर्यागांव भुजियाघाट रहेगा। शिविर मे नि:शुल्क शूगर, ब्लडप्रेशर, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं उपलब्धता अनुसार दवाओं का नि:शुल्क वितरण होगा।



## जीवनदायिनी नैनी झील में समा रहा बहते सीवर का पानी

नैनीताल हमारे संवाददाता

मल्लीताल स्थित बोट हाउस क्लब के समीप स्थित नाले से खुले में बहते सीवर का पानी जीवनदायिनी नैनी झील में समा रहा है, जिससे बोट स्टेंड के समीप दुर्गंध से बुरा हाल है। वहीं झील में गंदगी बढ़ने से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है।

बता दें कि बोट हाउस क्लब के बगल से गुजरने वाले नाले से ही सात नंबर, चार्टन लॉज समेत अन्य छोटे नाले जुड़े हुए हैं। बीते करीब एक माह से इस नाले से सीवर बहता हुआ झील में समा रहा है। झील में पानी कम होने के कारण किनारे पर गंदगी ठहरने से दुर्गंध से बुरा हाल है। कई बार नाव संचालक समेत अन्य लोग जल संस्थान को शिकायत कर चुके हैं मगर विभाग के कार्य करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

मामले में जल संस्थान के सहायक अभियंता दिलीप सिंह बिष्ट ने बताया कि बीते वर्ष बीडी पांडे अस्पताल भूमि से अतिक्रमण हटाने के दौरान सीवर लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। कुछ दिन पूर्व अतिक्रमण का मलबा हटाने के दौरान भी पांच चेंबर भी क्षतिग्रस्त हो गए थे जिनको ठीक करा दिया गया था। मगर उक्त नाले से ही सात नंबर से नीचे तक के क्षेत्र का पानी झील में गिरता है। जिससे सीवर लीकेज का सटीक पता नहीं लग पा रहा है। बताया कि विभागीय टीम को जांच के लिए भेजा गया है, जल्द ही समस्या का निस्तारण कर दिया जाएगा।

## गुलदार के दो बार की दस्तक ने क्षेत्र में भय

नैनीताल हमारे संवाददाता

नगर के तल्लीताल क्षेत्र के इंद्रा काटेज तथा इससे लगे क्षेत्रों में अगर आप रात्रि के वक्त आ जा रहे हैं तो आपको सबलकर चलने की विशेष जरुरत है ऐसा इसलिए क्यों कि बीते एक पखवाड़े के भीतर इंद्रा काटेज क्षेत्र में दो बार रात के वक्त गुलदार अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। गुलदार की दो बार की दस्तक ने क्षेत्र में भय का वातावरण बन गया है। दूसरी ओर सामाजिक कार्यकर्ता तथा भाजपा महिला मोर्चा नगर मंडल की अध्यक्ष कविता गंगोला की शिकायत के बाद वन विभाग ने भी मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए अब क्षेत्र में दो ट्रैप कैमरे लगा दिए गए हैं साथ ही विभाग की टीम ने प्रभावित क्षेत्र में गश्त कर लोगों को जागरुक करना शुरु कर दिया है।

बता दें कि वैसे तो नैनीताल शहर के कई आबादी वाले क्षेत्र जंगलों से बिल्कुल जुड़े हुए हैं इसी दशा में इन आबादी वाले इलाकों में गुलदार की उपस्थिति होना सामान्य बात है लेकिन जिस तरीके से बीते एक पखवाड़े के भीतर इंद्रा काटेज तल्लीताल क्षेत्र में गुलदार ने घर के समीप अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है और एक बार तो घर के लोगों ने उसका वीडियो भी बना दिया है। फिलहाल गुलदार की रात्रि के वक्त मौजूदगी होने से इंद्रा काटेज में इन दिनों काफी दशहत का माहौल बना हुआ है। मामले में कविता गंगोला ने बताया कि उन्होंने वन विभाग के उच्चाधिकारियों से वार्ता कर समस्या का बेहतर समाधान करने की गुजारिश की है ताकि लोगों में बना भय का वातावरण दूर हो सके। मामले में नैनीताल वन प्रभाग के नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी ने बताया कि उन्होंने मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। कहा कि सूचना मिलने के बाद टीम को गश्त लगाने के लिए भेजा है और लोगों को जागरुक किया जा रहा है। कहा कि फिलहाल क्षेत्र में दो ट्रैप कैमरा ट्रेक लगा दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से गुजारिश की है कि वह रात्रि में क्षेत्र में बिल्कुल अकेले न जाए तथा समूह के रुप में ही आना जाना करें तथा रात्रि के वक्त अपने घरों की लाईट भी जलाकर रखें।

## NEWS / फटाफट

### डा.तारा आर्या को मिला नेशनल क्वालिटी अचीवमेंट अवार्ड



नैनीताल। कुमाऊं मंडल की स्वास्थ्य विभाग की निदेशक डा.तारा आर्या को अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए नेशनल क्वालिटी अचीवमेंट अवार्ड से विशेष रुप से सम्मानित किया गया है।

बता दें कि दिल्ली में आयोजित एक समारोह में उन्हें यह विशेष सम्मान हासिल हुआ है। काबिलेगौर है कि डा.तारा आर्या को अभी तक अपने सेवाकाल के दौरान बेहतर कार्य करने के लिए कई अवार्ड हासिल हो चुके हैं। खास बात यह है कि वर्ष 2017 में पूर्व दिवंगत राष्ट्रपति डा.एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्य तिथि पर भी उन्हें दिल्ली में एक्सीलेंस अवार्ड से पुरस्कृत किया जा चुका है। उनको मिली उपलब्धि पर उनके शुभचिंतकों व स्वास्थ्य महकमों के अधिकारियों व कर्मियों ने खुशी जताते हुए उनके बेहतर भविष्य की उज्जवल कामना की है।

### निर्धन व जरूरतमंद परिवार के बच्चों को बांटी सामग्री



हल्द्वानी। ममता एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सत्र के पहले दिन संस्था के अंतर्गत शिक्षा ले रहे निर्धन व जरूरतमंद परिवार के बच्चों को नए सत्र प्रारंभ होने पर शिक्षा से संबंधित जरूरतमंद सामग्री संस्था द्वारा दी गई जिसमें स्कूल के बैग, कॉपियां, पेन, पेंसिल, जूते, ड्रेस, आदि सामग्री संस्था द्वारा बांटी गई संस्था के अध्यक्ष ममता बिष्ट ने संस्था में सहयोग करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया। समय-समय पर इस तरह के आयोजन एन.जी.ओ. में लगातार किए जा रहे हैं ताकि निर्धन परिवार के बच्चों की शिक्षा सुचारू रूप से चल सके वहीं संस्था के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। एन.जी.ओ. का मकसद सभी को शिक्षित करना है। वहीं संस्था द्वारा सूचित किया जाता है कि संस्था के गौरापड़ाव स्थित कार्यालय में सप्ताह में तीन दिन फ्री में ट्यूशंस दी जाती है जो भी छात्र-छात्राएं पढ़ना चाहते हैं तो वे भी वहां आकर पढ़ सकते हैं।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## विश्व आटिज्म जागरूकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हल्द्वानी हमारे संवाददाता

मानसिक दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की संस्था रोशनी सोसायटी द्वारा कल अपने सुभाष नगर स्थित सेंटर में विश्व आटिज्म जागरूकता दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका मुख्य आकर्षण रोशनी सोसायटी द्वारा अपने सेंटर को नीली रोशनी से जगमगाया गया जो आटिज्म जागरुकता के लिए एक अंतरराष्ट्रीय प्रतीक है तथा विश्व भर की ऐतिहासिक इमारतों को नीली रोशनी से डेकोरेट किया जाता है ताकि आटिज्म को प्रचारित किया जा सके।



अंतरराष्ट्रीय आटिज्म अवैरनस डे के आयोजन को रोशनी सोसायटी के सभी मानसिक दिव्यांग बच्चों अभिभावकों एवं स्टाफ ने नीले रंग के कपड़े पहनकर मनाया। आटिज्म के लिए समाज में जागरूकता के अंतर्गत सामान्य बच्चों के साथ मिल कर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं ताकि समाज में समावेशी भाव बन सके और भविष्य में साथ चलने का जज्बा कायम हो।

कार्यक्रम में रोशनी सोसायटी के बच्चों द्वारा संगीत कार्यक्रम एवं अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया, रोशनी सोसायटी के वक्ताओं ने आटिज्म के लक्षणों एवं उनके पुनर्वास पर अपने विचार व्यक्त किए और समाज को भविष्य में उसके लिए की जाने वाली जरूरतों पर अपने विचार साझा किए। रोशनी की तरफ से अध्यक्ष शिवानी पाल, उपाध्यक्ष हेमा परगाई, सचिव गोविंद मेहरा, योगेश गुरुरानी,कैलाश जोशी,तारा मेहरा, अलका पंत अन्य विशेष अभिवावकों के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

## आयशा को डीएसटी भारत सरकार की इंस्पायर फेलोशिप मिली

नैनीताल हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के रसायन विज्ञान विभाग की शोध छात्रा आयशा सिद्दीकी को डीएसटी भारत सरकार की इंस्पायर फेलोशिप मिली है।

बता दें कि आयशा रसायन विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. चित्रा पांडे तथा प्रो. गीता तिवारी के दिशा-निर्देशन में पीएचडी कर रही हैं। खटीमा निवासी आयशा मूलतः मोहम्मद शाकिर सिद्दीकी तथा परवीन सिद्दीकी के बेटी हैं तथा विभाग की मेधावी छात्राओं में गिनी जाती हैं खास बात यह है कि उन्हें बीएससी तथा एमएससी में भी इंस्पायर फेलोशिप मिली थी। आयशा वैरिएशन इन द फ इटोकेमिकल्स कांस टिट्यूट एंड बायो एक्टिवेटी एक्रॉस डिफरेंट ग्रोथ स्टेजेस ऑफ हिपटीस सुआवेलंस पॉट एंड मेलिसा ऑफिसिनलिस एल फ्रॉम उत्तरा खंड विषय पर शोध कर रही हैं। उनकी सफलता पर परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा,डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत, निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. ललित तिवारी समेत मुख्य कुलानुशासक प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट सहित डॉ. विजय कुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. पैनी जोशी तथा डॉ. गिरीश खर्कवाल ने उन्हें मुबारकबाद देते हुए उनके बेहतर उज्वल भविष्य की कामना की है।

# अभिमत



## व्यापारी की नाराजगी

***व्यापारियों की नाराजगी का मुख्य कारण अतिक्रमण हटाना है। उत्तराखंड समेत कई राज्यों में अतिक्रमण हटाया जा रहा है। हाईकोर्ट के आदेश पर उत्तराखंड सरकार अमल कर रही है। चुनाव के मद्देनजर किसी भी व्यापारी की दुकान अथवा व्यावसायिक प्रतिष्ठान को ध्वस्त नहीं किया गया है। सड़क चौड़ी करने के लिए भवन चिह्नित किये गये हैं। सरकार ने मुआवजे का भी आशवासन दिया है। सबसे पहले सरकार ने सड़क चौड़ी करने में बाधक सरकारी भवनों पर बुल्डोजर चलाया है। वन विभाग और अन्य सरकारी जमीन पर कब्जे को मुक्त कराया है। अतिक्रमण की जद में आने वाले व्यापारियों से प्रशासन ने बातचीत के लिए दरवाजे खुले रखे हैं।***

चुनाव में धर्म व जाति के मतदाताओं के रुझान को परखना पड़ता है। सरकारी व निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की समस्याओं को टटोलने की कोशिश होती है। सभी वर्गों के वोटों के रुख को पता करके समीकरण हल किया जाता है। उत्तराखंड में इस बार लोकसभा चुनाव में व्यापारियों के वोट निर्णायक साबित हो सकते हैं। राज्य में व्यापारी कल्याण बोर्ड बनाने के लिए एकजुट हो गये हैं और चेतावनी दी है कि चुनाव के बाद आंदोलन छेड़ेंगे। व्यापारियों ने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए नाराजगी जाहिर की। व्यापारी कल्याण बोर्ड बनाने के साथ ही आपदा में व्यापारी को राहत का पात्र बनाने, सरकारी योजनाओं से विस्थापित होने वाले सभी व्याापारियों का उचित विस्थापन, व्यावसायिक प्रतिपूर्ति राशि, मुआवजा, सब्सिडी युक्त लोन देने आदि विषय पर सरकार से निर्णायक वार्ता के लिए कमर कसी है। दरअसल व्यापारियों की नाराजगी का मुख्य कारण अतिक्रमण हटाना है। उत्तराखंड समेत कई राज्यों में अतिक्रमण हटाया जा रहा है। हाईकोर्ट के आदेश पर उत्तराखंड सरकार अमल कर रही है। चुनाव के मद्देनजर किसी भी व्यापारी की दुकान अथवा व्यावसायिक प्रतिष्ठान को ध्वस्त नहीं किया गया है। सड़क चौड़ी करने के लिए भवन चिह्नित किये गये हैं। सरकार ने मुआवजे का भी आश्वासन दिया है। सबसे पहले सरकार ने सड़क चौड़ी करने में बाधक सरकारी भवनों पर बुल्डोजर चलाया है। वन विभाग और अन्य सरकारी जमीन पर कब्जे को मुक्त कराया है। अतिक्रमण की जद में आने वाले व्यापारियों से प्रशासन ने बातचीत के लिए दरवाजे खुले रखे हैं। उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने के साथ ही व्यापारियों के प्रति सहानुभूति में कमी नजर नहीं आ रही है। सड़क को आर्थिक गतिविधियों और विकास की लाइफ लाइन माना जाता है। आबादी बढ़ने के साथ ही वाहनों की संख्या में इजाफा हुआ है। रास्ताजाम की समस्या से निजात पाने के लिए शहरों में बाईपास, रिंग रोड, फ्लाईओवर और अंडरपास का निर्माण हो रहा है। उत्तराखंड के कई शहरों में फ्लाईओवर प्रस्तावित हैं। सड़क चौड़ी करने पर व्यापारियों का विस्थापन होगा। नाराज व्यापारियों को सरकार के साथ मुआवजे और विस्थापन के बारे में वार्ता करनी चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार चुनाव प्रक्रिया के दौरान ही बात कर सकती है। सरकार को प्राथमिकता के आधार पर व्यापारियों से बात करनी चाहिए। व्यापारियों को संतुष्ट करने से चुनाव में सत्तारूढ़ दल के प्रत्याशियों को फायदा होगा। धर्म, जाति, भाषावाद, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर व्यापारी आर्थिक हितों के आधार पर मतदान करता है। सभी पार्टियां व्यापारी को वरीयता देती रही हैं। उत्तराखंड में व्यापारियों से पर्यटन सीधे तौर पर जुड़ा है, इसलिए व्यापारी से राजस्व पर भी असर पड़ता है।

# पर्यटन सीजन शुरू, 17 स्थानों पर नो पार्किंग जोन घोषित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर में अब धीरे-धीरे पर्यटन सीजन शुरू होते ही पर्यटकों की संख्या के साथ ही पर्यटक वाहनों का दबाव भी बढने् लगा है। संभागीय परिवहन विभाग व जिला प्रशासन की ओर से कई स्थानों को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है।

इसके बावजूद वाहन बेखौफ सडकों के किनारे प्रतिबंधित जोन में पार्क किए जा रहे हैं। जिसके चलते कई बार सडकों में वाहनों की लंबी कतार लग रही है। पुलिस कई जगहों पर सडक् किनारे पार्क वाहनों को नहीं हटा पा रही है।

बता दें कि होली के बाद नैनीताल में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है। जिसके चलते शहर में वाहनों का भी दबाव बढ़ रहा है। यातायात को व्यवस्थित करने के लिए हाईकोर्ट के दिशा निर्देश पर पुलिस ने 24 घंटे के लिए वन वे प्लान के तहत यातायात संचालित किया। वहीं पर्यटन सीजन को देखते हुए संभागीय परिवहन अधिकारी ने नैनीताल शहर में यातायात को व्यवस्थित करने के लिए



शहर में 17 स्थानों पर नो पार्किंग जोन घोषित किया था। संभागीय परिवहन अधिकारी ने कहा था कि नो पार्किंग जोन में वाहन पार्किंग करने की स्थिति में वाहन स्वामियों पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। लेकिन होली व इस ईस्टर सप्ताहंत में वाहनों का दबाव बढने् के बावजूद सडक् किनारे पार्क वाहन नहीं हटाए गए हैं जिससे पर्यटक परेशान रहे।

मामले में एसपी (यातायात/अपराध) हरबंस सिंह ने बताया कि नैनीताल में पर्यटन सीजन के दौरान यातायात को व्यवस्थित बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। नो पार्किंग स्थलों व सडक् किनारे वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के लिए थाना व कोतवाली पुलिस को निर्देशित किया जा चुका है।

## बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में अब तक पुलिस के हाथ खाली

**रुद्रपुर।** बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के आरोपियों के पंजाब में छिपे होने की आशंका के चलते पुलिस टीमों ने ताबड़तोड़ दबिश दी। हत्यारोपी अभी भी पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के आरोपियों के पंजाब में छिपे होने की आशंका के चलते पुलिस टीमों ने ताबड़तोड़ दबिश दी। हत्यारोपी अभी भी पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिशें दे रही हैं।


### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना मूल पॉवर ऑफ़ अटॉर्नी विलेख दस्तावेज़ खो दिया है, जिसका विवरण इस प्रकार है- खसरा न. 289, बही नंबर 01 , जिल्द नंबर 977, पेज 95 से 106, S.NO. 4398 में महताब पत्नी श्री शफिजान के पक्ष में दिनांक- 14/05/2012 रजिस्ट्रार कार्यालय किच्छा ,उधम सिंह नगर.निष्पादित किया गया।- **संस्थापक एडवोकेट राजीव सक्सेना 9837426760 को सूचित कर सकते हैं।**


# हल्द्वानी क्रिकेट क्लब, जीएनजी व हिमालयन एकेडमी ने जीते मैच

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के दिशा निर्देश पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-19 जिला लीग में तीन मुकाबले खेले गये।

जीएनजी मैदान में कुमाऊँ क्रिकेट एकेडमी और जी एन जी के मध्य मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुऐ जी एन जी ने 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 394 रन बनाये टीम के लिये हर्दयांश बिष्ट ने शतकीय पारी खेलते हुऐ 128 रन अनुज ने 88 रन ,हर्षित सडाना ने 54 रन का योगदान दिया,कुमाऊँ क्रिकेट2 एकेडमी के लिये कुशाग्र पांडे ने 3, लोकेश सिंह-एम एस भंडारी ने 2-2 विकेट लिये।

जवाब में खेलने उतरी कुमाऊँ क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम 26 ओवर में सभी विकेट खोकर 168 रन बना सकी और 226 रन से मैच हार गई,जी एन जी की और से देव ने 6 विकेट ,आदित्य रावत ने 2 विकेट लिये, दूसर मैच एम एस मैदान गौलापार में वेंडी क्रिकेट एकेडमी और हल्द्वानी क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेला गया,हल्द्वानी क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुऐ 50 ओवर 7 विकेट के नुकसान पर 474 रनों के4 विशाल स्कोर खड़ा किया टीम के लिये तीन बल्लेबाजो ने शतकीय पारी खेलते हुऐ लक्ष्य नयाल ने 147,पारस मेहरा ने110 ,परितोष राणा ने 109 रन का योगदान दिया,वेंडी की और से राजू पांडे ने 3 विकेट लिये, जबाब में खेलने उतरी वेंडी की पूरी टीम 35 ओवर में सभी विकेट खोकर 79 रन ही बना सकी और 359 रन से मैच हार गई,तीसरा मेच कॉर्बेट मैदान में गट्स एंड ग्लोरी और हिमालयन क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेला गया।

गट्स एंड ग्लोरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुऐ 43 ओवर में सभी विकेट खोकर 183 रन वनाये टीम के लिये राहुल कनवाल ने 32 प्रतीक तिवारी ने 26 रन का योगदान दिया,हिमालयन के लिये आयुष पंत -अभिषेक मंडल ने 3 विकेट लिये, जबाब में खेलने उतरी हिमालयन की टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 43 ओवर मे निर्धारित लक्ष्य को पूरा कर मैच को 7 विकेट से जीत लिया, टीम के लिये गौरव जोशी ने 79 रन,नयाब सईद ने 46 रन का योगदान दिया,गट्स ग्लोरी के लिये हर्षित ने 1 विकेट लिया, मैच के अंपायर विजय आर्या, गौरव कांडपाल,हिमांशु चत्रुवेदी,विनय जोशी, सचिन मिश्रा,संदीप भंडारी,स्कोरर नीरज पनेरू, निखित जोशी, हरप्रीत कंबोज, थे, इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, आनंद बिष्ट, नरेंद्र अधिकारी, मनोज भट्ट आदि मौजूद थे।

**अंडर-16 टीम रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 8 अप्रैल:** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के ऑपरेशन मैनेजर नरेंद्र अधिकारी ने बताया कि जो भी जिले के क्लब अंडर -16 टीम के लिये अपनी टीम का रजिस्ट्रेशन कराना चाहता है वो 8 अप्रैल तक एसोसिएशन के कार्यालय तिकोनिया में आकर करा सकता है अधिक जानकारी के लिये फ़ोन नम्बर 94103 74130 ले सकते है।

# फिल्मी दुनिया

## डॉक्यूमेंट्री बॉर्न हंग्री की निर्माता बनीं प्रियंका चोपड़ा






*प्रियंका चोपड़ा वापस यूएसए लौट गई हैं। इसी बीच खबर आई है कि अभिनेत्री की प्रोडक्शन कंपनी पर्पल पेबल पिक्चर्स बैनर बैरी एवरिच की नई फीचर डॉक्यूमेंट्री बॉर्न हंग्री की प्रोडक्शन टीम में शामिल हो गई हैं। ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा बीते दिनों भारत आई थीं। हालांकि, 31 मार्च को वह पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी के साथ यूएसए में अपने घर लौट गईं। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने व्यक्त किया कि वे भारत में छुट्टियों के बाद प्रियंका चोपड़ा को अपने पेशेवर जीवन में फिर से काम करते देखना चाहते हैं। और अब, एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 41 साल की डीवा और उनकी प्रोडक्शन कंपनी पर्पल पेबल पिक्चर्स बैनर बैरी एवरिच की नई फीचर डॉक्यूमेंट्री बॉर्न हंग्री की प्रोडक्शन टीम में शामिल हो गई हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मेलबार एंटरटेनमेंट ग्रुप और पर्पल पेबल पिक्चर्स ने एक साझेदारी की घोषणा की है, जिसमें अभिनेत्री और निर्माता प्रियंका चोपड़ा जोनस की पर्पल पेबल पिक्चर्स और बैरी एवरिच की आगामी डॉक्यूमेंट्री, बॉर्न हंग्री के पीछे की प्रोडक्शन टीम को एक साथ लाया गया है। प्रियंका चोपड़ा ने कहा, कहानी ने मुझे तुरंत मोहित कर लिया, न केवल भारत को प्रदर्शित करने का बल्कि उनकी यात्रा और अपने परिवार और खुद को खोजने के उनके गहन जुनून को भी दर्शाने का एक शानदार अवसर पेश किया।*

### बॉर्न हंग्री की कहानी

*बॉर्न हंग्री एक छोड़ दिए गए भारतीय लड़के के बारे में एक सम्मोहक सच्ची कहानी होने की उम्मीद है, जो भारत की विशाल रेलवे प्रणाली में घूमते हुए घर से बेहद दूर पहुंच जाता है। सैश सिम्पसन, चेन्नई की सड़कों पर कचरे के डिब्बे में खाना खाकर कठिन समय में जीवित रहता है। इसके बाद एक दयालु कनाडाई जोड़ा उसे बचाता है और गोद ले लेता है। अब, बिखरी हुई यादों के साथ, सैश भारत में अपने मूल परिवार को खोजने के लिए एक भावनात्मक यात्रा पर निकलता है।*

# आवारा पशुओं को बाहरी गौशाला में भेजने की मांग

**भीमताल**

**हमारे संवाददाता**

पिछले कुछ समय से शहर में आवारा घूमने वाले जानवरों की संख्या में काफी इजाफा होने लगा है, प्राय: देखने को मिलता है कि शहर की सड़कों, गलियों, चौराहों, पर्यटन स्थलों के आस-पास ये बड़े सींग वाले गाय, बैल, बछड़े अक्सर घूमते हुए नजर आते हैं।

मार्केट में व्यापारी इनसे परेशान है तो उधर नगर अंतर्गत के किसान इनके नुकसान से बड़े परेशान है, कई जगहों नौकुचियाताल, मेहरा गाँव, खुटानी, शिलोटी, डाट आदि में इनसे लोगों को चोट लगने का नुकसान तक हुआ है, ये शहर की सड़कों पर बड़े सींग वाले बैल अक्सर महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए खतरा बने रहते हैं, कई बार स्थानीय लोग इन्हें नगर से बाहर भेजने की मांग प्रशासन से कर चुके हैं किन्तु खामियाजा ये है कि इनकी संख्या में दिन पर दिन बढ़ोत्तरी होती नगर में दिख रही है।



नगर के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी ने मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडेय को पत्र लिखकर इन सभी बड़े सींग वाले जानवरों को शीघ्र पकड़कर बाहरी गौशाला में भेजने कि मांग की है, साथ ही भीमताल पुलिस प्रशासन नगर की सीमाओं पर बाहरी क्षेत्र से लाकर जानवरों को छोड़ने वालों पर कड़ी नकल कसे ताकि पर्यटन शहर की सुव्यवस्था बनी रहे।

## News कॉर्नर

### हत्या के दोषी राजेश को नहीं मिली जमानत

**नैनीताल।** अपनी पत्नी की हत्या के दोषी राजेश गुलाटी को हाईकोर्ट से जमानत नहीं मिल पायी है। बता दें कि राजेश गुलाटी ने वर्ष 2010 में देहरादून में अपनी पत्नी अनुपमा गुलाटी की हत्या कर दी थी साथ ही शव के टुकड़े कर उन्हें फ्रीज में छिपा दिया था। स्थानीय अदालत ने उसे दोषी मानते हुए वर्ष 2017 आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी। अभियुक्त ने हाईकोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र पर दायर किया था। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि जमानत देने का कोई आधार नहीं है।

### जज फार्म में जेसीबी से कराई गूल की सफाई, अब मकानों को खतरा



**हल्द्वानी।** जज फार्म वार्ड में सिंचाई गूल की सफाई के दौरान लापरवाही के कारण मकानों को खतरा पैदा हो गया है। गूल से लगे मकानों में रहने वाले लोगों ने बताया कि कुछ समय से गूल की सफाई नहीं की गई थी। इस पर पिछले दिनों जेसीबी से गूल की सफाई कराई गई लेकिन लापरवाही के कारण अब वहां मकानों को खतरा बढ़ गया है। गूल में पानी बढ़ने व बरसात में नुकसान भी हो सकता है। बताया कि मकानों से लगी गूलकी दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है।

# मुकद्दस रमजान: आधी रात को रोजेदारों को जगाना भी है इबादत

उत्तरांचल दीप

**सलीम खान, हल्द्वानी**



बहारों फूल बरसाओ माहे रमजान आया है मोमिनो के लिए लेकर यह पैगाम आया है और उठो मोमिनो अदा फर्ज कर लो इसी माह में खैरो बरकत मिलेगी। जी हां आधी रात में सन्नाटे को चीरते हुए लाउडस्पीकर की आवाज कानों में पड़ते ही रोजेदार जाग उठते हैं नहा धोकर रोजेदार अल्लाह की इबादत में जुड़ जाते हैं 68 सालों से रमजान के मुबारक महीने में रोजेदारों को रोजा रखने के लिए सेहरी में पूरे महीने बाबू रमजान पार्टी लोगो को जगाने का काम करती है बाबू रमजान पार्टी गली मोहल्लों में घूम कर बनभूलपुरा के इंदिरा नगर लाइन नंबर 17, लाइन नंबर 12, लाइन नंबर 8, से होकर ताज चौराहे तक लगभग 4 किलोमीटर का सफर पूरा करती है रिक्शा लाउडस्पीकर और 20 से 25 लोगों के साथ निकल पड़ती है रोजाना रोजेदारों को उठाने के लिए इस समय उत्तराखंड राज्य में हल्द्वानी शहर में यह एक अकेली ऐसी तहजीब है जो आज भी पुराने जमाने की याद दिलाती रहती है जबकि आज सेहरी में उठने के लिए बहुत से साधन लोगो के पास मौजूद हैं लेकिन आज भी बाबू रमजान पार्टी की अलग पहचान बनी हुई है आज भी लोग बाबू रमजान पार्टी की आवाज सुनकर घरों से निकल आते हैं और जगह-जगह बाबू रमजान पार्टी का घरों से निकल कर स्वागत करते हैं।1956 में बाबू रऊफ बैग पेंटर और उनके दोस्त जलील अहमद ने इस पार्टी को बनाया और उसको नाम दिया बाबू रमजान पार्टी 1981 में इस पार्टी की कमान नजीर खान ने संभाली और पिछले कई सालों से इस पार्टी को पूर्व सभासद नसीम अहमद अपनी सरपरस्ती में चलाते आ रहे हैं इस समय बाबू रमजान पार्टी को आवाज देते हैं न न न न नबाबू रमजान पार्टी के अध्यक्ष अतीक अहमद यह समूह अतीक अहमद के घर इंदिरा नगर मोहम्मदी चौक से शुरू होती है और पूरे बनभूलपुरा क्षेत्र में घूम कर वहीं जाकर समाप्त हो जाती है पार्टी को तैयार कर रोजेदारों को उठाने के वास्ते लोग पार्टी की हौसला अफजाई के लिए पार्टी की दावत रमजान के पकवानो से रात में ही करते हैं हालांकि अब रमजान का महीना शुरू है बाबू रमजान पार्टी के सभी सदस्य बड़ी खुलूसों और मोहब्बत के साथ नात ए कलाम पढ़ते हुए जाते हैं इस पार्टी में पूर्व सभासद नसीम अहमद, यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शाहनवाज, मलिक, भूरे खान, अतीक अहमद, जैद अंसारी, रिजवान, इरफान, कैफ, नफीस, बब्बू भाई, अयान, शरीफ अहमद, नासिर भाई, आदि लोग उपस्थित रहते हैं।

# पुलिस ने 13 पेटी शराब समेत दो तस्कर गिरफ्तार

किच्छा/शक्तिफार्म

**हमारे संवाददाता**



लोकसभा चुनाव में शराब की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी से डटी हुई है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा एसएसपी नैनीताल ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपादित कराने के साथ ही आदर्श आचार संहिता का कढ़ाई से पालन कराने के लिए मातहतों को को कड़े निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में भोटिया पड़ाव चौकी देवेंद्र सिंह राणा, प्रभारी चौकी भोटिया पड़ाव व थानाध्यक्ष भीमताल के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद की है।

भोटिया पड़ाव चौकी पुलिस ने क्षेत्र से गौरव शर्मा पुत्र मोहन चंद शर्मा निवासी टैगोर कॉलोनी पॉलिसीट काठगोदाम को संजय कॉलोनी के पीछे रेलवे लाइन के पास से 10 पेटी देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं भीमताल पुलिस ने अलचौना बैंड भीमताल से प्रकाश चंद्र पुत्र आनंद सिंह निवासी बडेत कपकोट को 144 पव्वे देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# शीतलाष्टमी महापर्व के अवसर पर लगा भक्तों का तांता

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

शीतलाष्टमी महापर्व के अवसर पर माँ शीतला मंदिर पर प्रात: 6:00 बजे से नव दुर्गा पाठ एवं हवन पूजन के साथ प्रारम्भ हुआ। दोपहर भंडारा में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

शाम4 बजे से दिल्ली से आए कलाकार राहुल सिंह एवं काशीपुर से आई कलाकार निशा अरोड़ा ने पूरे मंदिर परिसर का वातावरण भक्ति मय कर दिया। कमेटी अध्यक्ष सचिन साह ने बताया कि पिछले वर्ष से वार्षिक उत्सव के रूप में शीतलाष्टमी पर्व का आयोजन किया जा रहा है। माँ के दरबार में पूरे वर्ष भर भक्तों का तांता लगा रहता हैद्य दूर दूर से लोग माँ से मन्नत माँगते आते है।



# साफिया मलिक की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी में पुलिस

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

धोखाधड़ी के मामले में मामले में फरार चल रही वनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक की पत्नी साफिया मलिक की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी पुलिस ने कर ली है। इसके लिए पुलिस कोर्ट पहुंची है, उम्मीद है जल्द ही कुर्की के आदेश जल्द ही मिल सकते हैं।

बता दें कि बीती 2 फरवरी को पुलिस ने सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट की तहरीर पर अब्दुल मलिक, साफिया, अख्तरी बेगम, नबी रजा खां, गौस रजा खां और अब्दुल लतीफ के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। सभी पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने के लिए मृत व्यक्ति के दस्तावेज बनाने, स्टांप पर मृतक के हस्ताक्षर करने, जमीन पर कब्जा करने और उसे खुर्द-बुर्द कर हड़पने का आरोप है। इसी के बाद से ही साफिया मलिक फरार चल रही है। इधर, साफिया मलिक के वकीलों ने अग्रिम जमानत के लिए प्रथम अपर जिला सत्र अमिंदर सिंह की कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। अब पुलिस का कहना है कि साफिया मलिक की गिरफ्तार के लिए वारंट लेने की तैयारी भी शुरू कर दी है।

### दन्यां डाकघर में नहीं बन रहे आधार कार्ड

**अल्मोड़ा।** भनोली तहसील के दन्यां डाकघर में आधार कार्ड नहीं बनने से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें आधार कार्ड बनाने और इसमें संशोधन के लिए 60 किमी दूर जिला मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ रही है। यहां भी भीड़ अधिक होने पर कई बार उन्हें बैरंग लौटना पड़ता है। वहीं, डाक अधीक्षक आरके बिनवाल ने कहा कि दन्यां डाकघर में आधार मशीन उपलब्ध है और यहां ऑपरेटर भी नियुक्त है।

# फुटपाथ के दोनों ओर फड़ सजे देख पालिका एक्शन मोड में

नैनीताल

**हमारे संवाददाता**

नगर के मल्लीताल पंत पार्क में फुटपाथ के दोनों ओर फड़ सजे देख डीएम वंदना सिंह की नाराजगी के बाद पालिका एक्शन मोड में आ गई है। अब पंत पार्क ही नहीं मालरोड समेत अन्य स्थानों में लगने वाले फड़ संचालकों का पालिका सत्यापन करायेगी।

बता दें कि सोमवार को डीएम वंदना सिंह डीएसए मैदान के सुंदरीकरण व चौराहों के चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंची थी। इस दौरान पंत पार्क में रास्ते को घेरे फड़ लगे होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी।

उन्होंने तत्काल इसका निस्तारण करने के निर्देश पालिका ईओ को दिये थे। डीएम के निर्देशों पर नगर पालिका भी एक्शन मोड में आ गई है। पालिका स्तर पर नियमों के अधीन ही फड़ लगे इसकों लेकर कवायद शुरू कर दी गई है। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि पूर्व में पालिका की ओर से किये गए सर्वे के आधार पर शहरभर में 368 फड़ कारोबारी चिह्नित किये गए है। जिसका पालिका स्तर पर दोबारा सर्वे किया जाएगा।

फड़ संचालन को लेकर तय मानकों के विपरित दर्ज किये गए नामों को सूची में हटाया जाएगा। बताया कि पूर्व में पंत पार्क व मालरोड समेत अन्य स्थानों से फड़ों को विस्थापित करने के लिए 6 वेंडर जोन चिह्नित किये गए है। आचार संहिता खत्म होते ही सभी फड़ों को चिह्नित स्थलों में विस्थापित कर दिया जाएगा।

# दीपक बल्यूटिया की दूर हुई नाराजगी, कांग्रेस में हुई वापसी

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता के पद से इस्तीफा देने के बाद दीपक बल्यूटिया की नाराजगी दूर हो गई है। कुछ दिन की नाराजगी के बाद दीपक बल्यूटिया की घर वापसी हो गई है।

बता दे कि कांग्रेस आला कमान द्वारा नैनीताल संसदीय सीट से प्रकाश जोशी को प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद उन्होंने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया था। साथ ही उन्होंने एनडी तिवारी के नाम से पार्ट बनाने का निर्णय लिया था। इधर, उनके द्वारा पार्टी छोड़ने के बाद उन्हें मनाने के प्रयास तेज हो गए। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के साथ उनकी बैठक हुई। लंबी मंत्रणा के बाद दीपक बल्यूटिया की नाराजगी दूर हो गई और उन्होंने अपना इस्तीफा वापस ले लिया।

# भाजपा का कालाढूंगी में प्रचार अभियान शुरु



हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में जज फार्म से प्रचार अभियान की शुरुआत कर दी है। बुधवार को कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने अभियान की शुरुआत की और पत्रक बांटे। इस दौरान तमाम महिला व पुरुष कार्यकर्ता ने भी घर-घर जाकर पत्रक बांटे। इस मौके पर निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, शक्ति केंद्र संयोजक नारायण सिंह किरौला, आरडी पांडे, भगवान सिंह मेहरा, विशंभर कांडपाल, गंगा दत्त तिवारी, अतुल जोशी, हेम अवस्थी, कुलदीप पांडे, पीसी जोशी, उमेश बिनवाल, गीता कांडपाल, तनुजा टकवाल, उर्वशी बोरा, मंजू रावत, हेमा बोरा, विनीता पंत समेत तमाम कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

### ऊर्जा निगम बकायेदारों से चार अप्रैल तक करेगा वसूली

**नैनीताल।** ऊर्जा निगम ने बीते वित्तीय वर्ष से बकायेदारों से करीब 12 करोड़ रुपए वसूलने का लक्ष्य रखा था, जिस पर ऊर्जा निगम ने सरकारी विभागों क्रमशः लेनिवि, स्वास्थ्य विभाग तथा शिक्षा विभाग और निजी कनेक्शनों से लगभग 10.50 करोड़ की वसूली की,दूसरी ओर अब ऊर्जा निगम को अभी लगभग 1.50 करोड़ की वसूली और करनी है। ऊर्जा निगम के पास वसूली के लिए 4 अप्रैल (गुरुवार) तक का समय और है जिससे लक्ष्य तक पहुंचने की उम्मीद है। ऊर्जा निगम के सहायक अभियंता आर.एस. बिष्ट ने बताया कि शासन की ओर से ऊर्जा निगम को लगभग 12 करोड़ की वसूली का लक्ष्य दिया गया था जिसमें से लगभग 10.50 करोड़ की वसूली की जा चुकी है। अभी दो दिन का समय और है।